# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–17 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन खानिमपुर में टोरेंट समूह के हाइड्रोजन प्लांट का शुभारंभ किया। इस प्लांट से प्रतिवर्ष 72 टन ग्रीन हाइड्रोजन गैस का उत्पादन होगा। जिससे 500 टन कार्बन उत्सर्जन की बचत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा भविष्य की ऊर्जा है। यहां पर लगने वाले प्लांट में हाइड्रोजन ऊर्जा बनाने के साथ फिर सीएनजी के साथ उसकी ब्लेंडिंग होगी और फिर घर–घर में रसोई गैस के रूप में भी उसका उपयोग हो सकेगा। हम लोगों ने प्रदेश के अंदर 22,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज से दस साल पहले प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर तत्कालीन सरकार संजीदा नहीं थी।

***यह पूर्वी उत्तर प्रदेश है आज से 10 वर्ष पहले स्वास्थ्य की बुरे हाल थे सुविधाओं के बुरे हाल थे सरकार भी उदासीन थी और नागरिक सुविधा न होने के कारण यह जैसे तैसे अपना जीवन यापन करता था लेकिन देश के अंदर स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन होना ही चाहिए जब इस प्रतिबद्धता के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने एक अंगड़ाई भरी आज आप देख सकते हैं कि कितने बड़े पैमाने पर परिवर्तन हुआ है। आज आप बीआरडी मेडिकल कॉलेज की सुविधा को आप देखिए अब गोरखपुर में एम्स भी हो गया है दर्जनों अन्य अस्पताल भी खुल गए हैं।***

**********

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज एक प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल समान हैं, कोई पक्ष या विपक्ष नहीं। उन्होंने दोहराया कि चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और मिथ्या आरोपों से आयोग न तो डरता है और न ही मतदाता प्रभावित होते हैं।

दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया बिहार में शुरू की गई। राजनीतिक दलों के आरोपों पर चिंता जताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदाता की अनुमति के बिना उनकी तस्वीरों के इस्तेमाल की शिकायत भी मिली है, लेकिन आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न होंगे।

**********

एग्जियोम–4 मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री और लखनऊ निवासी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज सुबह अमेरिका से दिल्ली पहुंचें, जहां एयरपोर्ट पर केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके परिवार के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। शुभांशु आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे और फिर लखनऊ के लिये रवाना होंगे। शुभांशु के साथ भारत के गगन यान मिशन के लिये चुने गये एक और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन प्रशान्त बालकृष्णन नायर भी भारत लौटे हैं।

**********

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की आज नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में बैठक होगी। इसमें उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी पर चर्चा हो सकती है।सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उप–राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया है। उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए बृहस्पतिवार तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। चुनाव नौ सितम्बर को होगा। यह चुनाव श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण हो रहा है।

**********

यूपी टी–20 लीग के तीसरे संस्करण की शुरुआत आज से लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होगी। यूपी टी ट्वेंटी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष डीएस चौहान ने बताया कि पिछली बार की अपेक्षा इस बार प्रतियोगिता में लोगों और अच्छी क्रिकेट देखने को मिलेगी। टीवी और डिजिटल प्लेटफार्म से मैच देखने वालों को भी नया अनुभव होगा। उन्होंने बताया कि इस लीग में कुल छः टीमें हिस्सा ले रहीं हैं, जिसमें लखनऊ फाल्कन्स, नोएडा सुपर किंग, काशी रूद्रास, मेरठ मैवरिक्स, कानपुर सुपरस्टार्स और गोरखपुर लाइन्स शामिल हैं। आज पहला मुकाबला मेरठ मैवरिक्स और कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेला जायेगा।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जौनपुर के रामपुर निवासी दिव्यांग शुभलाल सरोज को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें दिव्यांगों के लिए न्यायालय, सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था से जुड़े अनेक सुझावों एवं कार्यों के लिए मिला है। उनके प्रयासों से बौनेपन को दिव्यांग सूची में शामिल किया गया। इसकी प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मिली।

**********